आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

जननायक सम्राट

बर्ष :13 अंक :337 पृष्ठ -4 दिंनाक 10 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार

वाराणसी में रेहड़ी पटरी वालों को हटाने पर भड़के अखिलेश यादव

भाजपाइयों को ईमान की रोटी नहीं पचती

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वाराणसी में सड़क किनारे पटरी लगाने वाले लोगों पर प्रशासन की कार्रवाई का विरोध किया और कहा कि बीजेपी की सरकार में मेहनत–मजदूरी करके दो जून की रोटी कमाने वाले लोगों का और उत्पीड़न हो रहा है. भाजपा ऐसे लोगों को हटा रही है. सपा अध्यक्ष ने एक खबर के हवाले से दावा किया जिसमें कुछ महिलाओं का कहना है कि वो पीएम नरेंद्र मोदी के गांव की है और सड़क किनारे पटरी लगाकर अपने बच्चों का पालन–पोषण करती थी लेकिन प्रशासन ने उनकी पटरियों का हटा दिया. महिलाओं ने कहा कि वो अपने बच्चों को लेकर कहां जाएंगी? सपा अध्यक्ष का बीजेपी पर बड़ा आरोपअखिलेश यादव ने इसे लेकर एक्स पर लिखा– ष्भाजपाइयों को ईमान की रोटी नहीं पचती. भाजपा सरकार में जिनका भी उत्पीड़न हो रहा है, उसके पीछे बात ये नहीं है कि वो कहाँ का है, वो जो कोई भी ही, अगर वो मेहनत करके ईमानदारी से दो जून की रोटी कमा रहा है, मजबूर है, बेबस है या वंचित समाज का है तो वो भ्रष्ट भाजपा सरकार के शोषण–उत्पीड़न का शिकार होगा ही. भाजपा द्वारा गरीबों के विरोध की असली वजह सबको समझनी चाहिए, जो बहुत गहरी है, जिसकी जड़ में मनोविज्ञान है. भाजपाइयों को लगता है कि 'ईमान की रोटी कमानेवाले' सैद्धांतिक रूप से भाजपाइयों की पैसे की उस भूख के खिलाफ हैं, जो बेईमानी से ही पैसा कमाना जानती है. भाजपाइयों को लगता है, ईमानदारी से पैसा कमानेवाले, उनकी बेईमानी की सोच के साक्षात् विरोधी हैं, इसीलिए ऐसे ईमानदार लोगों

को आम जनता की आँख के सामने से हटा देना चाहिए. कहा जाता है, जब कुछ दिखना बंद हो जाता है, तो लोग उसके बारे में सोचना भी बंद कर देते हैं. इसीलिए भाजपा गरीबों–मेहनतकशों को हटा रही है. देश के प्रधान संसदीय क्षेत्र में तीन पीढ़ियों से पटरी लगाकर अपना पेट भरनेवाले गुजराती समाज के लोगों की आवाज सुनी जाए और उनके रोजगार को हर हाल में बचाया जाए. बनारसी–गुजराती कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!

आगरा में पंडित धीरेंद्र शास्त्री के सुरक्षाकर्मियों से विवाद, खाना पैक कराने पर भिड़े 3 युवक

वृंदावन दर्शन के लिए आए बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के सुरक्षाकर्मियों के साथ तीन युवकों के बीच कथित रूप से विवाद हो गया. ये घटना उस वक्त हुई जब पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने काफिले के रात को आगरा होते हुए निकल रहे थे. तभी न्यू दक्षिणी बाईपास पर स्थित ढाबे पर उनका काफिला रूका. जिसके बाद उनके सुरक्षाकर्मियों का विवाद हो गया. हालांकि इस मामले में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है. वहीं ढाबा संचालक ने भी विवाद की बात से इनकार किया है. खबरों के मुताबिक पंडित धीरेंद्र शास्त्री आगरा के रास्ते से होते हुए लौट रहे थे, इसी दौरान उनका काफिला खाना पैक कराने के लिए एक ढाबे पर रुका. जहां ढाबे पर तीन युवक कार में मौजूद थे ये तीनों कथित रुप से नशे में थे. उन्होंने ढाबा संचालक और बाबा के सुरक्षाकर्मियों के साथ किसी बात को लेकर बहस शुरू कर दी.

लेकिन, जब उनके ये पता लगा कि वो पंडित धीरेंद्र शास्त्री के सुरक्षाकर्मी है तो तीनों युवक वहां से भाग गए.सीसीटीवी में दिखाई दिए धीरेंद्र शास्त्रीइसके बाद बागेश्वर धाम धीरेंद्र शास्त्री का काफिला आगे की ओर बढ़ गया. यहां से उनका काफिला एक पेट्रोल पंप पर रुका. जहां धीरेंद्र शास्त्री भी अपनी गाड़ी से नीचे उतरे. इस पेट्रोल पंप का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें धीरेंद्र शास्त्री अपने हाथ धोते हुए नजर आ रहे हैं. बताया जा रहा है कि वो इस पेट्रोल पंप पर काफी देर तक रुके. सुबह करीब 3.30 बजे उनका काफिला यहां से आगे की ओर बढ़ गया. ये घटना शनिवार और रविवार दरमियानी रात की बताई जा रही है. इस मामले में पंडित धीरेंद्र शास्त्री या ढाबा संचालक की ओर से कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई है. वहीं ढाबा संचालक ने भी किसी के साथ कोई विवाद होने की घटना से इनकार किया है. पुलिस के मुताबिक उनके पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है. हालांकि पुलिस ने इस सिलसिले में ढाबे और पेट्रोल पंप दोनों जगहों से सीसीटीवी फुटेज की जांच की है. इस वीडियो में भी किसी विवाद की पुष्टि नहीं हुई है. ढाबा संचालक और पेट्रोल पंप के कर्मचारी भी किसी विवाद से इनकार कर रहे हैं.

उत्तराखंड के पहाड़ों में बदला मौसम, केदारनाथ और आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी

मौसम विभाग की भविष्यवाणी एक बार फिर सटीक साबित हुई है. 8 और 9 दिसंबर को हल्की बूंदाबांदी और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हिमपात की संभावना जताई गई थी, जो शनिवार देर शाम सच साबित हुई. केदारनाथ और उसके आसपास की पहाड़ियों, तुंगनाथ क्षेत्र, और मध्यमेश्वर घाटी में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई. इससे इलाके में ठंड में बढ़ोतरी देखी गई. निचले इलाकों में भी हल्की बूंदाबांदी हुई, जिसने लंबे समय से शुष्क चल रहे मौसम में थोड़ी राहत दी.केदारनाथ क्षेत्र में हल्की बर्फबारी होने के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई. यहां आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है. तुंगनाथ और मध्यमेश्वर घाटी की पहाड़ियों पर भी ताजा बर्फबारी देखने को मिली. उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम का यह बदलाव लंबे समय के बाद देखने को मिला है. पिछले कई हफ्तों से बारिश नहीं होने के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में सूखे जैसे हालात बनने लगे थे. किसानों और स्थानीय लोगों के लिए बारिश का इंतजार लंबे समय से जारी था. हल्की बूंदाबांदी के बाद अब सभी को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में बारिश सामान्य होगी. अगर बारिश समय पर नहीं होती है, तो सूखे की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है.ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का

अनुमानमौसम विभाग ने रविवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि आने वाले कुछ दिनों में ऊंचाई वाले इलाकों में और बर्फबारी हो सकती है. साथ ही, मैदानी और निचले पहाड़ी क्षेत्रों में भी बारिश की संभावना बनी हुई है. हालांकि, मौसम में अचानक हुए बदलाव ने ठंड को बढ़ा दिया है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है. स्थानीय लोग इस बदलाव से उत्साहित हैं लेकिन हल्की बारिश और बर्फबारी के बाद भी उन्हें पर्याप्त बारिश का इंतजार है. किसान वर्ग विशेष रूप से चिंतित है, क्योंकि सूखे की स्थिति फसल उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है. वहीं, पर्यटन क्षेत्र में सक्रिय लोगों ने उम्मीद जताई है कि बर्फबारी के कारण पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, जिससे उनकी आय में सुधार होगा.केदारनाथ, तुंगनाथ और मध्यमेश्वर जैसे धार्मिक और पर्यटक स्थलों पर मौसम में आए इस बदलाव के चलते पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो सकता है. हालांकि, ठंड और बर्फबारी के कारण यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है. प्रशासन ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं. पिछले लंबे अंतराल के बाद इस तरह की बारिश और बर्फबारी ने पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों के चेहरों पर थोड़ी राहत जरूर दी है, लेकिन आने वाले दिनों में मौसम का कैसा रुख रहेगा, इस पर सबकी नजर बनी हुई है.

कांग्रेस की मागों से संसद में सपा ने बनाई दूरी

इंडिया गठबंधन के दो दलों के बीच रार थमने का नाम नहीं ले रही है. हालांकि दोनों ही दलों के तमाम नेता सब कुछ ठीक होने का दावा कर रहे हैं. लेकिन दूसरी ओर राजनीतिक घटनाक्रम को देखें तो दोनों ही पार्टियां एक–दूसरे से दूरी बनाते हुए नजर आ रही हैं. सोमवार को भी संसद भवन परिसर में फिर से ऐसा ही कुछ देखने को मिला है. दरअसल, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अडानी मामले को लेकर संसद परिसर में विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए. इस दौरान इंडिया गठबंधन के तमाम दल विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के साथ खड़े नजर आए लेकिन इस विरोध प्रदर्शन में ज्ड६ और सपा के सांसद शामिल नहीं हुए. इस राजनीतिक घटनाक्रम ने अटकलों को हवा दे दी.हालांकि इससे पहले कुछ और ऐसे ही संकेत राजनीति घटनाक्रम के जरिए मिले नजर आ रहे हैं. बीते सप्ताह जब संसद में सांसदों के जगह बदली गई तब भी सपा और कांग्रेस के बीच नाराजगी की खबरें सामने आई थीं. मामला इतना बढ़ा था कि अखिलेश यादव खुद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलने पहुंच गए थे. इस दौरान उन्होंने अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी.

इन बयानों से और बढ़ी तकरार

इसके बाद बाबरी मस्जिद गिराए जाने की बरसी पर उद्धव गुट से एक नेता ने उसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर कर दी तो सपा ने महा विकास अघाड़ी से अलग होने का ऐलान कर दिया. इसके बाद सपा नेता आईपी सिंह के पोस्ट ने बची हुई कसर पूरी कर दी. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखाकर कहा– इन्होंने जिद कर ली है कि ये अब नहीं सुधरेंगे. जनता ने, विपक्षी दलों ने बहुत अवसर दिया इनमें नेतृत्व का घोर अभाव है.बता यहीं खत्म नहीं हुई, सपा के प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा– राहुल गांधी अभी भी इंडिया गठबंधन के नेता नहीं हैं. राजनीति में कोई साधु–संत बनकर नहीं आता है. कांग्रेस ने कहीं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है. हालांकि उन्होंने अंत में कहा कि इंडिया गठबंधन है. ये गठबंधन ठीक है और रहना चाहिए. बिना गठबंधन के बीजेपी को हराया नहीं जा सकता है.

सपा-कांग्रेस की दोस्ती में दरार

उलझे रिश्ते, मिशन 2027 को लग सकता है झटका

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच दरार बढ़ती हुई दिखाई दे रही है. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद सपा ने पहले महाविकास अघाड़ी से अलग होने का ऐलान कर दिया तो वहीं अब संसद में भी दोनों के बीच तालमेल बिगड़ता दिख रहा है. सपा राष्ट्रीय स्तर पर अडानी के मुद्दे को उठाने से परहेज करती दिख रही है.

यहां नहीं सांसद अवधेश प्रसाद की सीट बदले जाने और संभल मुद्दे को लेकर भी सपा–कांग्रेस के सुर अलग–अलग दिखे. सियासी जानकारों की मानें तो कांग्रेस जिस तरह से अडानी के मुद्द को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रही है उससे समाजवादी पार्टी समेत तमाम विपक्षी दल असहज महसूस कर रहे हैं, वो उद्योगपतियों को इस तरह निशाने पर लेना ठीक नहीं मानते हैं. इसलिए अखिलेश यादव ने सदन में भी इस मुद्दे को उठाने की कोशिश नहीं की.

सपा–कांग्रेस में आई दूरी! इसके साथ ही सपा इस बात से भी नाराज है कि यूपी के बाहर इंडिया गठबंधन में उसे कोई खास तवज्जो नहीं दी जा रही है. यूपी में लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव दूसरे राज्यों में एंट्री की तैयारी कर रहे थे. उन्हें उम्मीद थी कि इंडिया गठबंधन में रहते हुए दूसरे दल उन्हें समर्थन दे सकते हैं लेकिन हरियाणा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र समेत किसी राज्य में सपा को सीट बंटवारे में खास तवज्जों नहीं मिली. महाराष्ट्र में सपा को दो ही सीटें दी गईं, जिससे भी पार्टी में नाराजगी बनी हुई थी.यूपी की नौ सीटों पर हुए उपचुनाव में भी सपा ने कांग्रेस को दो सीटों का ऑफर किया लेकिन फिर कांग्रेस ने चुनाव लड़ने से ही इनकार कर दिया. इधर लोकसभा में सीट अरेंजमेंट के दौरान सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पिछली पंक्ति में कर दी गई. सपा को ये बात भी खटक गई क्यों वो अवधेश प्रसाद को ट्रॉफी की तरह अपने साथ आगे की सीट पर बिठाया करते थे. हालांकि सपा ने इस पर खुलकर तो कुछ नहीं कहा लेकिन ये जरूर कहा कि कांग्रेस को गठबंधन के सिटिंग अरेंजमेंट को देखना चाहिए था. कांग्रेस को लेकर समाजवादी पार्टी के मनमुटाव की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने जब इंडिया गठबंधन की कमान संभालने की बात कही तो भी सपा ने उनका खुलकर समर्थन किया. जाहिर है इस तरह की बातों से यूपी में इंडिया गठबंधन के मिशन 2027 पर प्रतिकूल असर दिखाई दे सकता है. अगर इसे अभी संभालने की कोशिश नहीं की गई तो आने वाले समय में गठबंधन की दरार और बढ़ सकती है.

पत्नी अक्सर फोन पर किसी से करती थी बात, . गुस्साए पति ने पत्थर से कुचलकर की हत्या

महोबा में पत्नी के अकसर मोबाइल में बात करने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्थरनुमा वस्तु से कुचलकर हत्या कर दी और शव को घर के अंदर बंद कर ताला लगाकर फरार हो गया.

घटना की सूचना पर एएसपी, सीओ सहित कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर हर पहलू से जांच शुरू कर दी. वहीं हत्यारोपी पति की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया गया.यह वारदात महोबा शहर कोतवाली क्षेत्र के सत्तीपुरा मोहल्ले की है. पत्नी की हत्या कर महेंद्र यादव खून से लथपथ शव को मकान में ताला डालकर फरार हो गया. वारदात की सूचना पर गांव में रहने वाला परिवार घटनास्थल पहुंचा है. बताया जाता है कि चरखारी कोतवाली क्षेत्र के इमलिया डाक गांव निवासी महेंद्र यादव अपनी 35 वर्षीय पत्नी मीरा और बच्चों के साथ महोबा शहर के सत्तीपुरा मोहल्ले में दो वर्षों से किराए के मकान में रहकर गल्ला मंडी में मजदूरी का काम कर रहा था. परिजन मंगल बताते हैं कि पत्नी मीरा फोन पर अक्सर किसी से बात करती रहती थी जो पति महेंद्र यादव को नागवार गुजरता थी. इसी बात को लेकर पति–पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा हुआ करता था. घटना वाले दिन भी पत्नी मीरा किसी से फोन पर बात कर रही थी, इसी बात को लेकर पति महेंद्र यादव भड़क उठा और पत्थरनुमा वस्तु से हमला कर पत्नी की हत्या कर दी. इसके बाद शव को मकान के अंदर ताला लगाकर फरार हो गया. आरोपी ने अपने बड़े पुत्र अरुण को फोन पर बताया कि उसकी मां की मौत हो चुकी है.इस सूचना के बाद गांव से परिजन पहुंचे तो मकान का ताला बंद पाया. जानकारी मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोल कर देखा तो सभी दंग रह गए. खून से लथपत मीरा का शव पड़ा हुआ था. हत्या किन परिस्थितियों में की गई और क्या मुख्य कारण था इसको लेकर परिवार खुलकर बोलने से बच रहा है. आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन टीम गठित एएसपी वंदना सिंह बताती हैं कि, सूचना मिली थी कि एक महिला का शव कमरे के अंदर बंद है. इस सूचना पर मौके पर देखा गया की महिला का शव पड़ा मिला है और उसका पति फरार है. परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है. तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी. परिजनों ने पति पर ही वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन कर दिया गया.

राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के सामने रेस्टोरेंट में अचानक लगी आग

दमकल की दस गाड़ियां मौके पर मौजूद



दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में एक रेस्तरां में आग लग गई। इस घटना के बाद वहां से लोग कूदकर अपनी जान बचाने लगे। इस दौरान आग की सूचना मिलते ही दमकल की 10 से ज्यादा गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगी हुई हैं। राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के सामने जंगल जंबूरी रेस्टोरेंट में आग लगी थी।खबरों के मुताबिक आज दोपहर एक रेस्टोरेंट में आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां पहुंच गई। आग बुझाने का काम अभी किया जा रहा है। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोपहर 2रू00 बजे कंट्रोल रूम को इस हादसे की सूचना मिली थी।आग राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के सामने जंगल जंबूरी रेस्टोरेंट में लगी है। अभी आग पर काबू नहीं पाया गया है। आग बुझाने का काम अभी तेजी से चल रहा है। फिलहाल किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर सरबजीत सहित मौके पर 60 फायरकर्मी बुझाने में जुटे हुए हैं। दमकल कर्मी लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। आग के कारण आसपास के दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है। आग के कारण आसमान में चारों तरफ काला धुआं फैल गया। रेस्तरां में बैठे लोग जान बचाने के लिए कूदने लगे। कुछ लोग रेस्तरां के बगल में सटी बिल्डिंग पर कूदकर अपनी जान बचाई। इस दौरान वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आग की लपटे आसमान छू रही थी। लोग एक दूसरे की मदद कर रहे थे और उन्हें बचाने में लगे रहे।

चटगांव में व्यापारी पर हमले का मामला

चिन्मय कृष्ण दास मुख्य आरोपी

चटगांव में रविवार (8 दिसंबर) को कोर्ट में पुलिस और हिंदू साधु चिन्मय कृष्ण दास के अनुयायियों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद मामला दर्ज किया गया. ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार हिंदू नेता को देशद्रोह के आरोप में मुख्य आरोपी नामित किया गया है. इसके अलावा 164 पहचाने गए व्यक्तियों और 400–500 अज्ञात लोगों के नाम भी मामले में शामिल किए गए हैं. एनामुल हक ने दर्ज किया मामलायह मामला चटगांव मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने व्यापारिक और हिफाजत–ए–इस्लाम बांगलादेश के कार्यकर्ता एनामुल हक की ओर से पेश किया गया. हक ने आरोप लगाया कि 26 नवंबर को जमीन रजिस्ट्री का काम खत्म करने के बाद जब वे कोर्ट से बाहर जा रहे थे तो चिन्मय कृष्ण दास के समर्थकों ने उन पर हमला कर दिया. उन्होंने बताया कि वे सिर पर टोपी पहने हुए थे जिसकी वजह से उन्हें निशाना बनाया गया. इस हमले में उन्हें सिर में और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई. हमले में गंभीर चोटें आने की वजह से FIR दर्ज करवाने में देरीहक को मौके पर मौजूद लोगों ने बचाया और उन्हें चटगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया. हक ने यह भी बताया कि हमले के कारण उनके शरीर में गंभीर चोटें आईं जिसके कारण मामले को दर्ज करने में देरी हुई. उनके वकील के अनुसार इस मामले में चिन्मय कृष्ण दास मुख्य आरोपी हैं.चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद बढ़ी तनातनीयह घटना 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से जुड़ी है जिन पर देशद्रोह का आरोप है. उनकी गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किए.बांगलादेश में हिंदू समुदाय पर बढ़ते हमलेचटगांव पुलिस ने 27 नवंबर को कोतवाली थाने में तीन संबंधित शिकायतें दर्ज की थीं जिनमें कई नामित और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आरोप लगाए गए थे. इन शिकायतों में विरोध प्रदर्शन करने वालों पर हमले और कानून–व्यवस्था में हस्तक्षेप करने का आरोप है. इसके बाद 28 नवंबर को एक व्यापारी ने रांगाम सिनेमा हॉल के पास हुए हमले के बारे में दूसरा मामला दर्ज किया जिसमें 29 नामित और 40–50 अज्ञात लोगों का नाम लिया गया.चिन्मय कृष्ण की जमानत याचिका पर सुनवाई टलीचिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और बांगलादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों को लेकर भारत–बांगलादेश के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं. हाल ही में बांगलादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों में बढ़ोतरी हुई है और ये घटनाएं बांगलादेश के हिंदू समुदाय के प्रति बढ़ती चिंताओं को उजागर करती हैं. चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर 3 दिसंबर को बांगलादेश की अदालत ने जनवरी 2 तक के लिए सुनवाई टाल दी. अदालत का कहना है कि उनके पक्ष में कोई वकील उपस्थित नहीं था. इसलिए अदालत को ये फैसला लेना पड़ा.

कनाडा में दहशत का माहौल, भारतीय छात्र की बेरहमी से हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या

भारत ने कनाडा में हरियाणा के छात्र हर्षनदीप सिंह की हत्या पर शोक व्यक्त किया है. 6 दिसंबर को एडीमंटन में सुरक्षा गार्ड के रूप में ड्यूटी करते हुए उन्हें गोली मार दी गई भारत ने को कनाडा में अपने नागरिक की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया है. हरियाणा के निवासी 20 वर्षीय छात्र हर्षनदीप सिंह अंतल की हत्या 6 दिसंबर को एडीमंटन शहर में हुई. वह एक अपार्टमेंट परिसर में सुरक्षा गार्ड के रूप में ड्यूटी पर थे जब ये दुखद घटना घटी. हत्या के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है.हत्या के आरोप में दो लोग गिरफ्तार एडीमंटन पुलिस सेवा (म्च्ै) के मुताबिक 6 दिसंबर की रात करीब 12रू30 बजे पुलिस को एक अपार्टमेंट में गोली चलने की सूचना मिली. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची तो हर्षनदीप सिंह को बेहोश पाया और उन्हें तुरंत मेडिकल उपचार दिया गया. इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. पुलिस ने दो संदिग्धों इवान रेन और जूडिथ सॉल्टॉक्स को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार इनकी उम्र करीब 30 साल बताई जा रही है. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है. भारत सरकार ने परिवार को मदद का दिया आश्वासन भारत के वैंकूवर स्थित कौंसुलेट ने रविवार को एक पोस्ट में इस हत्याकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया. कौंसुलेट ने कहा ष्हम श्री हर्षनदीप सिंह की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं जिनकी 6 दिसंबर को एडीमंटन में गोली लगने से मृत्यु हो गई.श्श इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. साथ ही पीड़ित परिवार को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया गया है.भारत सरकार ने कनाडाई अधिकारियों के साथ मिलकर मामले की पूरी जानकारी ली और परिवार को हर संभव मदद देने का वादा किया है.कनाडा के न्याय प्रणाली पर उठे सवाल बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए गए एक आरोपी इवान रेन का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ पहले भी हिंसक अपराधों के मामले दर्ज किए जा चुके हैं. इस तथ्य ने कनाडा के न्याय प्रणाली पर सवाल उठाए हैं और समाज में चिंता पैदा की है कि क्या इस मामले में कानूनी प्रक्रिया प्रभावी रही.कनाडा में भारतीय समुदाय के लिए सुरक्षा पर सवाल हर्षनदीप सिंह की हत्या ने कनाडा में भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल पैदा कर दिए हैं. . इस दुखद घटना ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया है कि विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है. खासकर ऐसे देशों में जहां आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं.

सर्जरी से दोबारा कुंवारी बनना चाहती है महिला

सोशल मीडिया पर कई ऐसे लोग हैं, जो अपनी लाइफ से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करते हैं. ऐसी ही एक महिला ब्राजील की रहने वाली रवेना हैनीली (त्ंअमदं भ्ंददपमसल) हैं, जो 23 साल की हैं. रवेना ने काफी कम उम्र में ही अपनी वर्जिनिटी खो दी थी, लेकिन अब वे दोबारा 'कुंवारी' बनना चाहती हैं. यानी कि वे फिर से अपना कौमार्य हासिल करने का प्रयास कर रही हैं, वो भी सर्जरी के द्वारा. सोशल मीडिया पर खुद रवेना हैनीली ने यह खुलासा करके अपने प्रशंसकों को चौंका दिया है. रवेना ने बताया कि उन्होंने 16 लाख रुपए खर्च करके "फिर से कुंवारी बनने" के लिए एक विवादास्पद सर्जरी प्रोसेड्यूर से गुजरेंगी, जिससे हाइमन का पुनर्निर्माण होगा. लेकिन डॉक्टरों ने इस ब्राजीलियन मॉडल को चेतावनी दी है और कहा है कि इससे अंदरुनी संक्रमण की भी संभावना है. वहीं, रेवेना के फैंस और अन्य लोग भी इस फैसले को गलत बता रहे हैं. लेकिन, मॉडल ने कहा उसे किसी भी बात से कोई फर्क नहीं पड़ता.23 वर्षीया रवेना का कहना है कि लोगों को उसके निर्णय की "आलोचना बंद कर देनी चाहिए", जो जाहिर तौर पर मैंने अपने आत्मसम्मान को सुधारने के लिए लिया है. उन्होंने यह नहीं बताया कि ये सर्जरी कब होगी, लेकिन वह अपनी "नई शुरुआत" के लिए उत्सुक हैं. अंग्रेजी वेबसाइट नीड टू नो Need to Know से बातचीत में रेवेना ने कहा कि मैं फिर से कौमार्य हासिल करना चाहती हूं. यह मेरे पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के लिए एक नई शुरुआत है. दुर्भाग्य की बात है कि मेरे इस फैसले का ज्यादातर लोग सपोर्ट नहीं करते. लेकिन मुझे किसी की परवाह नहीं. रेवेना ने आगे कहा कि मेरी अभी शादी नहीं हुई है. इसलिए मैंने ऐसा करने का फैसला किया. यह बाकी अन्य सर्जरी की तरह ही है, बस इसमें विशेष देखभाल की आवश्यकता है. ऐसे में मैं डॉक्टरों द्वारा जो भी कहा जाएगा, उसका पूरी तरह से पालन करुंगी. इस सर्जरी के बाद मुझे कुछ दिनों तक शारीरिक परिश्रम से बचना होगा, आरामदायक कपड़े पहनने होंगे और रामांस से दूरी बनानी होगी.रेवेना ने आगे कहा कि ये सर्जरी सिर्फ सुंदरता के लिए नहीं, बल्कि यह मुझे मनोवैज्ञानिक रुप से मजबूत बनाएगा. इससे मुझे एक परिपूर्ण महिला होने का अहसास मिलेगा. ऐसे में लोगों को मेरे इस फैसले की आलोचना नहीं करना चाहिए. बता दें कि वर्जिनिटी दोबारा हासिल करने की सर्जरी को हाइमेनोप्लास्टी कहा जाता है. इसे हाइमन पुनर्निर्माण या हाइमन मरम्मत के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें आमतौर पर हाइमन के फटे किनारों को घुलनशील टांकों के साथ जोड़ दिया जाता है. रेवेना के मामले को ध्यान में रखते हुए मेडिसनल क्लिनिक की सीईओ डॉक्टर हाना सालुसोलिया कहा, "हाइमेनोप्लास्टी एक मान्यता प्राप्त कॉस्मेटिक सर्जरी है. किसी भी प्रक्रिया की तरह, हाइमेनोप्लास्टी में भी कुछ जोखिम होते हैं, जिनमें संक्रमण, निशान और कभी–कभी परफेक्ट रिजल्ट न मिल पाना शामिल हैं. यदि बेहतर सर्जनों द्वारा तमाम मानकों को ध्यान में रखते हुए यह प्रक्रिया की जाए तो इन जोखिमों को कम किया जा सकता है."

हनीमून की अधूरी रह गई आस, दूल्हा नहीं जा पाया साथ, दुल्हन की हैरान कर देने वाली दास्तां

जब कपल की शादी तय हो जाती हो तो दोनों शादी से लेकर हनीमून तक के सपने देखते हैं. खासकर हनीमून को लेकर लोग काफी एक्साइटेड भी रहते हैं. लेकिन क्या हो जब हनीमून पर दूल्हा या दुल्हान को अकेले जाना पड़े. यह बात सुनते ही आपको कंगना रनौत अभिनीत बॉलीवुड फिल्म 'क्वीन' की याद आ गई होगी.इस फिल्म में हिरोइन कुछ कारणों से शादी से कुछ घंटे पहले अपने मंगेतर विजय (राजकुमार राव) से शादी करने से इंकार कर देती है. इस घटना के बाद रानी गम में डूबे बिना अकेले ही हनीमून पर निकल जाती है. ये तो फिल्मी कहानी हुई. लेकिन कनाडा में एक ऐसी ही वास्तविक घटना घटी है. लेकिन ये कहानी काफी दुखद है. कनाडाई लौरा मर्फी ने टिकटॉक पर एक वीडियो शेयर किया. उन्होंने बताया कि शादी से एक महीने पहले उनके मंगेतर की मौत हो गई. उन्होंने वीडियो में कहा 'ये मेरी जिंदगी का सदमा है. हमने शादी से पहले हनीमून प्लान किया था. भावी पति को लंदन पसंद आया.

हालांकि, मर्फी इस बात से टूट गई कि शादी से पहले ही उसके होने वाले दूल्हे की मौत हो गई.अपने होने वाले पति की मौत के बाद मर्फी उसकी याद में अकेले हनीमून पर चली गईं. मर्फी ने अपनी यात्रा का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर किया. मर्फी ने कहा, दुख आपको बहुत अकेला कर देता है. इसलिए मैंने अपनी यात्रा रिकॉर्ड करने का फैसला किया.मर्फी भावनात्मक रूप से कहती हैं, शायद इसी तरह, वह डेवोन से जुड़ सकती हैं जो परलोक में पहुंच गया है. वैसे ये घटना सितंबर महीने की है. लेकिन वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. उनकी कहानी सुनकर नेटिजन्स भावुक हो गए हैं.

मुर्शिदाबाद में अवैध बम बना रहे तीन लोगों की मौत,

धमाके में उड़ गए छत के परखच्चे

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के एक घर में ब्लास्ट होने से तीन लोगों की मौत हो गई है. ये विस्फोट घर में बम फटने से हुआ है. ब्लास्ट इतना तेज था कि घर की छत ढह गई और आस पड़ोस के लोगों में भी डर का माहौल बना हुआ है. ब्लास्ट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अब मामले की जांच करनी है. इस बम धमाके में एक व्यक्ति इस कदर घायल हुआ कि उसे मुर्शिदाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह धमाका अवैध बम बनाने के दौरान हुआ. अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है कि आखिर कितने दिनों से यहां पर बम बना रहा था. विस्फोट इतना भीषण था कि एक मकान ही बुरी तरह ढह गया और मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई.कच्चा बम बांधते समय हुआ धमाकाप्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, यह धमाका मामून मुल्ला नाम के शख्स के घर पर हुआ, जहां अवैध तरीके से बम बनाए जा रहे थे. बताया जा रहा है कि घमाका कच्चा बम बांधने के दौरान हुआ. मकान गिरने के कारण पुलिस ने पूरे इलाके को घेराबंदी कर दी है और टीम मामले की जांच कर रही है.पहले भी हुई कई लोगों की मौतें इलाके की पुलिस इस तह तक जाने में जुटी हुई है कि आखिर यह बम किसको बेचने का प्लान था? क्या बम से कोई बड़े धमाका करने की प्लानिंग तो नहीं हो रही थी? ये पहला मौका नहीं है जब बम बनाते हुए लोगों की मौत हुई है. बंगाल में कई ऐसे जिले हैं, जहां पर बम बनाने की प्रकिया के दौरान लोगों की मौत हो गई है. इन घटनाओं को लेकर अक्सर सरकार कार्रवाई की बात कहती है, लेकिन फिर भी जमीन पर कोई काम होता दिखाई नहीं देता है. इससे पहले कई बार नाबालिग बच्चों तक की मौत हो चुकी है. चुनाव के दौरान भी कई बार ऐसा हुआ है कि चुनाव आयोग को एक्शन लेना पड़ा ह

पीएम कुसुम घटक सी–1 योजना के तहत सोलर पंप स्थापना के लिए 15 दिसंबर तक करें आवेदन

अलीगढ़ (जननायक सम्राट) उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति–2022 में पीएम कुसुम घटक सी–1 योजनान्तर्गत प्रदेश में विभिन्न क्षमता के स्थापित निजी ऑनग्रिड पम्प सोलराइजेशन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अनुमन्य 30 प्रतिशत अनुदान के अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया एवं मुसहर जाति के कृषको को 70 प्रतिशत राज्य अनुदान अनुमन्य किया गया है। अन्य श्रेणी के कृषको को 30 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान के अतिरिक्त 60 प्रतिशत राज्य अनुदान अनुमन्य है उन्हें 10 प्रतिशत अंशदान स्वयं वहन करना होगा। परियोजना प्रभारी यूपीनेडा अरूण कुमार शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पीएम कुसुम घटक सी–1 योजनान्तर्गत विभिन्न क्षमता (3 एचपी, 05 एचपी एवं 7.5 एचपी) के स्थापित मीटर्ड निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन के लिए सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना कराये जाने के लिए इच्छुक कृषक यूपीनेडा की वेबसाइट ूनचदमकं.वतह.पद पर विकसित पोर्टल नचदमकांनेनउ1.पद के माध्यम से आवदेन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन का परीक्षण संबंधित जनपदीय परियोजना अधिकारी द्वारा पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने क्रशक अंश एवं अनुदान की जानकारी देते हुए बताया कि 3 एचपी, 5 एचपी, 7.5 एचपी एवं 10 के लिए क्रमशः 23900 एवं 215100, 39325 एवं 353925, 54800 एवं 493200, 226750 एवं 493200 अनुमन्य है। उन्होंने बताया कि इच्छुक लाभार्थी कृषक 15 दिसंबर 2024 तक आवेदन एवं 10 प्रतिशत कृषक अंशदान आनलाइन पोर्टल के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करें। लाभार्थी कृषकों से 10 प्रतिशत अंशदान प्राप्त होने के उपरांत यूपीनेडा की अनुबंधित फर्म द्वारा मीटर्ड निजी ऑनग्रिड पम्प के सोलराइजेशन के लिए ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लाण्ट की आपूर्ति, स्थापना, कमिशनिंग एवं 05 वर्षो की कम्प्रीहेन्सिव मेन्टीनेंस और नेट मीटरिंग की व्यवस्था 04 माह की अवधि के अन्तर्गत की जायेगी।

मा0 विधायक इगलास ने सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

अलीगढ (जननायक सम्राट) उत्तर प्रदेश. मा0 विधायक इगलास श्री राजकुमार सहयोगी द्वारा इगलास के श्री बालाजी फार्म हाउस में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित हुए सामूहिक विवाह समारोह में नव दंपतियों को सुखी वैवाहिक जीवन की ईश्वर से कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।मा0 विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज कल्याण विभाग माध्यम से आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता के प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर तेज प्रहार भी हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, सम्प्रदाय, धर्म, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू–मुस्लिम सभी अपनी–अपनी परंपरा के तहत विवाह के पवित्र बंधन में बंध रहे हैं। सामूहिक विवाह आयोजन बाल विवाह, दहेज प्रथा के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई लड़ाई को भी मजबूत कर रहे हैं।श्री सहयोगी ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन में नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक–युवतियों ने दहेज न ले–दे कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब तक लगभग 3.84 लाख विवाह करा चुकी है। जल्द ही यह आंकड़ा 4 लाख पहुंच जाएगा। प्रदेश सरकार की मंशा है कि कोई बेटी दहेज के कारण कुँआरी न रहे, इसके लिए ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अभियान रूप में चलाया जा रहा है।एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इगलास, गोंडा एवं बेसवां के 38 चिन्हित पात्र जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित किया गया, जिसमें 32 वर–वधुओं ने हिंदू रीति–रिवाज एवं 06 जोड़ों ने मुस्लिम धर्म के अनुसार एक–दूसरे के साथ जीवन पर्यन्त रहने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार द्वारा प्रति जोडे पर 51 हजार रूपये की धनराशि वहन कर पात्र कन्याओं का विवाह सामूहिक आयोजन कर उनकी धार्मिक रीति–रिवाज के अनुसार परिजनों की उपस्थिति में कराया जाता है।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य, एसडीएम इगलास शाश्वत त्रिपुरारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रंजना सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अंकित चौधरी, गुड्डू चौधरी, अजय चौधरी, पुष्पेंद्र पचौरी, सभासद अजय ठाकुर समेत अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

देश–विदेश में जश्न की तैयारी, पर्यटन धार्मिक स्थल और विदेश जाने की हो रही बुकिंग

नए साल पर युवा वर्ग में विदेश जाने की चाह बढ़ी है। युवाओं की पहली पसंद बैंकॉक, मलयेशिया, दुबई, थाईलैंड, सिंगापुर, नेपाल, भूटान, वियतनाम हैं। देश में गोवा ऐसा शहर है जहां हर कोई जाने की चाह रखता है।नये साल 2025 के आगमन में तीन सप्ताह रह गए हैं। लोगों ने क्रिसमस के साथ ही नए साल का जोरदार तरीके से स्वागत करने की तैयारी शुरू कर दी है। कुछ लोगों ने अपने दोस्तों और परिवार के साथ दूसरे शहरों में नये साल का जश्न मनाने की तैयारी शुरू कर दी है तो कुछ विदेश जा रहे हैं। ट्रैवल्स एजेंसियां इस मौके पर आकर्षक पैकेज दे रहीं हैं। नव वर्ष मनाने के लिए अधिकतर लोग दिल्ली, मुंबई, गोवा, कोलकाता, विशाखापट्टनम, हैदराबाद, केरल, राजस्थान के उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, जयपुर और बीकानेर, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, मनाली, ओडिशाके भुवनेश्वर, कटक, जगन्नाथपुरी धाम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के अमर कंटक आदि पर्यटन स्थलों पर जाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए टिकट बुक करा रहे हैं।धार्मिक स्थल भी हैं लोगों की पसंदसैकड़ों लोगों ने तिरुपति बालाजी मंदिर, शिरडी, वैष्णो देवी, खाटू श्याम, बालाजी, उत्तराखंड, मथुरा–वृंदावन जैसे धार्मिक स्थलों पर भी जाने की तैयारी की है। इसके लिए ट्रेनों में टिकट बुकिंग शुरू हो चुकी है। लंबी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग लंबी हो चुकी है। अधिकांश ट्रेनों में रिजर्वेशन मिलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में लोग अब ट्रैवल्स एजेंसी और निजी वाहनों की मदद ले रहे हैं।ट्रैवल्स एजेंसी दे रहीं आकर्षक पैकेजट्रैवल्स एजेंसी संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि नए साल में टूर पर जाने वालों को उनके बजट के अनुसार आकर्षक पैकेज दिए जा रहे हैं। अपार्टमेंट और कॉलोनी में रहने वाले लोग संयुक्त रूप से घूमने का प्लान बना रहे हैं। समूह में टूर का पैकेज सस्ता पड़ता है।बैंकॉक, मलयेशिया, दुबई, थाईलैंड,सिंगापुर, नेपाल, भूटान जाने की होड़ट्रैवल्स एजेंसी संचालक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि नए साल पर युवा वर्ग में विदेश जाने की चाह बढ़ी है। युवाओं की पहली पसंद बैंकॉक, मलयेशिया, दुबई, थाईलैंड, सिंगापुर, नेपाल, भूटान, वियतनाम हैं। देश में गोवा ऐसा शहर है जहां हर कोई जाने की चाह रखता है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत इकाई विस्तार के लिए द्वितीय ऋण हेतु करें आवेदन

अलीगढ़ (जननायकसम्राट) जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत द्वितीय ऋण के लिए तीन वर्षो के उपरान्त सफल इकाईयों को विस्तार के लिए विनिर्माण क्षेत्र में उद्यमी एक करोड एवं सेवा क्षेत्र में 25 लाख तक का द्वितीय ऋण बैंको के माध्यम से दिलाये जाने एवं उद्यम की स्थापना के लिए 15 प्रतिशत का अनुदान दिये जाने का प्राविधान है।उन्होंने बताया कियोजनान्तर्गत अनुदान मिलने की व्यवस्था ऑन लाईन होने के कारण यह योजना पूरी तरह पारदर्शी है। आवेदन ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट ू।अपबवद.सपदम.हवअ.पद पर जाकर pmegp e & portal ij क्लिक कर KVIB एजेन्सी का चयन करते हुये एक सप्ताह के अन्दर किया जा सकता है ताकि अधिक से अधिक रोजगार सृजन कराया जा सकें। परियोजना के लिए न्यूनतम 08 वीं पास होना अनिवार्य है। ऑन लाईन आवेदन के लिए प्रथम ऋण का स्वीकृति पत्र, तीन वर्ष की आई0टी0आर0 एवं वेलेन्स शीट, उद्यम आधार प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि अनिवार्य दस्तावेज हैं।

अपर नगर आयुक्त ने जलमूल्य वसूली की समीक्षा–रोजाना 10 बड़े जलमूल्य बकायेदारो पर होगी कार्यवाई

अलीगढ़ अपर नगर आयुक्त की कड़ी हिदायत–कम जलमूल्य वसूली करने वालो पर होगी वेतन रोकने की कार्यवाईसोमवार को अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने नगर निगम जलकल विभाग द्वारा वसूले जाने वाले जल मूल्य टैक्स वसूली की समीक्षा करते हुए खासी नाराजगी जताई। अपर नगर आयुक्त ने जल मूल्य टैक्स वसूली करने वाले अधीनस्थों को दो टूक शब्दों में रोजाना 10 बड़े बकायदारों से वसूली करने की हिदायत दी। अपर नगर आयुक्त ने समीक्षा समीक्षा बैठक में दो टूक शब्दों में अधीनस्थों को लक्ष्य के सापेक्ष जल मूल्य की वसूली नहीं होने पर वेतन रोकने की चेतावनी भी दी। अपर नगर आयुक्त ने जल मूल्य टैक्स की हर हफ्ते समीक्षा करने का भी निर्णय लिया। बैठक में वार्ड वाइज खराब जल मूल्य टैक्स वसूली पर अपर नगर आयुक्त ने सभी कर संग्रहको जिनके द्वारा 40 भवन से कम है, कम वसूली की जा रही है उनके विरुद्ध तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाई अमल में लाये जाने के निर्देश सहायक अभियंता पुष्पेन्द्र सिंह को दिए।उन्होंने कहा अगले सोमवार दोबारा जलमूल्य वसूली की समीक्षा की जाएगी प्रगति नही होने पर कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी।

अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में धारा 163 लागू शहर के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हुई व्यवस्था, 7 फरवरी तक एक साथ नहीं खड़े हो सकते हैं 5 लोग

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (4) को 7 फरवरी 2025 तक लागू कर दिया गया है। यह आदेश विशेष परिस्थितियों के तहत जारी किया गया है, जिसमें आगामी महत्वपूर्ण तिथियों जैसे चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस (23 दिसंबर), क्रिसमस ईव (24 दिसंबर), क्रिसमस डे (25 दिसंबर), नव वर्ष (1 जनवरी 2025). गुरू गोविन्द्र सिंह जयन्ती (6 जनवरी 2025 मकर संक्रांति (14 जनवरी 2025), गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2025), और विभिन्न बोर्ड ६ विश्वविद्यालय परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपायों को सुनिश्वित किया गया है। इस आदेश के तहत किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया है। यदि कोई व्यक्ति या समूह इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 233 और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत दंडित किया जाएगा। यह आदेश जिला अलीगढ़ के सभी तहसीलों, थाना क्षेत्रों, विकास खंडों, स्कूलों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में चस्पा किया जाएगा, ताकि सभी की इस आदेश की जानकारी मिल सके

अलीगढ़ मेंटल मर्चेंट एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा होटल वतबीपक ठसन रामघाट रोड पर श्री संजय कुमार वार्ष्णेय की अध्यक्षता में हुई

अलीगढ़ मेंटल मर्चेंट एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा होटल वतबीपक ठसन रामघाट रोड पर श्री संजय कुमार वार्ष्णेय की अध्यक्षता में हुईधजिसमें कि मुख्य रूप से यह तय किया गया कि संस्था के अगले सत्र के चुनाव दिनांक 12 जनवरी 2025 को होटल आभा रीजेंसी में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक कराये जायेंगे, जिसके चुनाव अधिकारी श्री असीम गुप्ता एडवोकेट हा.ेंगे ,नामांकन12 दिसंबर ,2024 से 22 दिसंबर, 2024 तक होंगे, और नाम वापसी 27 दिसंबर 2024 तक लिए जा सकेंगे ६ दिनांक 7 जनवरी 2025 को संस्था अलोह धातु विक्रेता संघ दिवस रघुनाथ पैलेस में मनाया जाएगा जिसमे कि शाम को बालाजी भजन संध्या कराई जाएगी और जिसमें संस्था के सभी सदस्य अपने परिवार सहित शामिल होंगे आज की सभा में संरक्षक श्री नवीन चंद, जगदीश प्रसाद कसरे ,संतोष कुमार वार्ष्णेय एवं सुरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे, आज की सभा का संचालन महामंत्री श्री अश्विनी वार्ष्णेय ने किया,साथ में कोषाध्यक्ष आशीष गोयल कनिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार ,संयुक्त मंत्री हिरदेश गुप्ता, कनिष्ठ मंत्री गौरव गुप्ता ब्रास और कार्यकारिणी सदस्यों में सुमित कुमार ,रोहित कुमार, जगजीवन गुप्ता ,मनोज कुमार नरेश कामाख्या विमल उपस्थित रहे

पुष्पा 2 ने 4 दिन में पार किया 800 करोड़ का आंकड़ा

पुष्पा 2 ने सिर्फ 4 दिन में वर्ल्डवाइड 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करके एक नया मुकाम हासिल कर लिया है. फिल्म के मेकर्स ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर दी है.फिल्म के मेकर्स के ऑफिशियल इंस्टा हैंडल से पोस्टर कर लिखा गया है, श्श पुष्पा 2श 4 दिन में 829 करोड़ की वर्ल्डवाइड कमाई के साथ 800 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज भारतीय फिल्म बन गई हैश्श.

सुनील पॉल से लाखों की फिरौती वसूलकर किडनैपर्स ने मेरठ में खरीदी ज्वेलरी

फेमस कॉमेडियन सुनील पॉल के अपहरण के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कॉमेडियन से फिरौती लेने के बाद किडनैपर्स ने मेरठ से लाखों की ज्वेलरी खरीदी. ये जानकारी मेरठ सिटी के एसपी आयुष विक्रम ने हाल ही में दी है. उनका कहना है कि मुंबई पुलिस ने दो ज्वेलर्स के अकाउंट फ्रिज कर दिए थे. मुंबई पुलिस ने फ्रिज किए ज्वेलर्स के अकाउंटमेरठ सिटी के एसपी आयुष विक्रम ने हाल ही में इस मामले पर एक नई जानकारी दी. उन्होंने बताया कि, कुछ दिन पहले थाने में ज्वेलर्स ये तहरीर दी थी कि उनके अकाउंट मुंबई पुलिस ने फ्रिज कर दिए गए हैं. जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने मुंबई पुलिस से बात की तो उन्होंने कहा कि ये अकाउंट ऑनलाइन फ्रॉड के चलते फ्रिज किए गए थे.फ्रॉड से लिंक थे ज्वेलर्स के अकाउंट ?एसपी ने आगे ये भी बताया कि अभी फिलहाल ये फ्रिज हटा दिए गया है. लेकिन इसमें जो पैसे यूज हुए उसे लिंक पर रखा गया है. इसमें अभी जांच जारी है. उन्होंने ये भी कहा कि ज्वेलर्स ने ये अमाउंट 6 लाख बताया है. इसके आगे अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है मुंबई पुलिस का कहना है कि

ये अकाउंट किसी फ्रॉड से लिंक्ड है. इसी के चलते ही अकाउंट फ्रिज किए गए थे.सुनील पॉल से फिरौती लेकर किडनैपर्स ने खरीदी ज्वेलरी?वहीं इससे पहले मिली जानकारी के अनुसार सुनील पॉल को अपहरण करने के बाद मेरठ में छोड़ा गया था. वहीं किडनैपर्स ने फिरौती वसूलने के बाद वहां के एक ज्वेलरी शॉप से कुछ आभूषण भी खरीदे थे. जिसकी पेमेंट सुनील पाल के अकाउंट से ऑनलाइन कराई थी. इसके बाद पुलिस तुरंत एक्शन में आई और उन्होंने मामले में जांच शुरू कर दी. साथ ही पुलिस ज्वेलरी शॉप के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है.

श्रद्धा कपूर की हॉरर कॉमेडी स्त्री का नहीं आएगा तीसरा पार्ट?

हॉरर कॉमेडी स्त्री फ्रेंचाइजी में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में थे. फिल्म को अमर कौशिक ने बनाया था. फिल्म ने रिलीज के साथ ही कई नए रिकॉर्ड बनाए थे. स्त्री 2 को भी फैंस ने बहुत प्यार दिया था. फिल्म अगस्त 2024 में रिलीज हुई थी. बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ दिए थे. जब से फिल्म का सेकंड पार्ट रिलीज हुआ है तब से फैंस तीसरे पार्ट को लेकर बेसब्र हैं. अब राज कुमार राव ने फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर अपडेट दिया है.स्त्री का आएगा तीसरा पार्ट? बातचीत में राजकुमार राव ने कहा– श्स्त्री 3 निश्चित रूप से आएगी, लेकिन फिलहाल इसे लेकर कोई तैयारी नहीं है. श्आगे उन्होंने कहा कि सीक्वल की सक्सेस को जल्दी भुनाने की बजाय टीम अच्छी फिल्म बनाने की कोशिश में है. स्त्री और स्त्री 2 में 6 साल का गैप था. अच्छी क्वालिटी के प्रोजेक्ट बनाने में समय लगता है. स्त्री 3 थोड़ा टाइम ले सकती है. हालांकि, ये 6 साल नहीं लेगी. फिल्म के डायरेक्टर अमर कौशिक, प्रोड्यूसर दिनेश विजान और राइटर अच्छी स्टोरी बनाने पर फोकस कर रहे हैं. फ्रेंचाइजी की क्वालिटी मेंटेन करने में उनका फोकस है, ताकि नई फिल्म नए आयाम छुए.स्त्री 2 के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 600 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है. इस फिल्म में श्रद्धा कपूर और राज कुमार राव के अलावा, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी जैसे स्टार्स अहम रोल में थे. फिल्म की कहानी से लेकर गाने तक सभी कुछ हिट रहा था. तमन्ना भाटिया ने इस फिल्म में आइटम सॉन्ग भी किया था. उनका गाना श्आज की रातश जबरदस्त हिट हुआ था. भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने भी फिल्म के लिए गाना गाया था.

एनिमल से भी खतरनाक वायलेंस, कुल्हाड़ी-हथौड़ा और गन से लड़ते दिखे सोनू सूद

मुंबई. सोनू सूद की मच अवेटेड फिल्म फतेह का धांसू टीजर लॉन्च हो गया है. सोनू ने इस फिल्म की अनाउंसमेंट लॉकडाउन के बीच की थी. फिल्म का टीजर और फाइट सीक्वेंस देख कर आपको जॉन विक और एनिमल जैसी हाई एक्शन फिल्में याद आ जाएंगी. सोन ने खुद इस फिल्म को डायरेक्ट किया है. फतेह के 1 मिनट 18 सेकेंड के इस टीजर से आपकी एक पल के लिए भी नजरें नहीं हटेंगी. फिल्म में सोनू की लव इंटरेस्ट का किरदार जैकलीन फर्नांडीज ने निभाया है. जैकलीन भी सोनू की तरह एक्शन करते नजर आईं.'फतेह' के टीजर की शुरुआत जमीन पर बिखरीं गन की गोलियों से होती हैं. फिर सोनू सूद का हाथ में गन थामे दिखते हैं. इसके बैकग्राउंड में सोनू की आवाज आती है,"एक को मारा तो मुजरिम, हजार को मारा तो बादशाह" फिर फर्श पर पड़ा खून, खून से लथपथ घसीटती हुई बॉडी और सोनू का सूट–बूट वाला धांसू लुक आपको चौंका देगा.फतेह में 'एनिमल' जैसा वायलेंस फिर देखने को मिलता है एनिमल से भी खतरनाक वायलेंट सीन. 'एनिमल' की तरह ही गैलरी फाइट. किसी के सिर पर कुल्हाड़ी से वार, तो किसी के दिमाग में सीधा गोली. बीच में जैकलीन फर्नांडीज का गन फायर और सोनू संग लव एंगल. इनसे भी कहीं ज्यादा इसका बैकग्राउंड म्यूजिक. फतेह के टीजर को बेहद खास बनाता है. फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी खास रोल में हैं.सोनू सूद का यह एक्शन अवतार देख फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं. फैंस सोनू की तारीफें कर रहे हैं. सोनू ने फिल्म का टीजर शेयर करते हुए बताया कि यह फिल्म 10 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी. सोनू ने टीजर के कैप्शन में लिखा, "किरदार ईमानदार रखना, जनाजा शानदार निकलेगा! फतेह का टीजर आ चुका है." उन्होंने कैप्शन में कुल्हाड़ी वाला इमोजी भी शामिल किया है

करीना कपूर की फेवरेट जोड़ी

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने अपनी पसंदीदा जोड़ी, सोहा अली खान और कुणाल खेमू की एक तस्वीर साझा की है. करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर सोहा और कुणाल की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें सोहा किताब पढ़ रही हैं और कुणाल ध्यान से उन्हें सुन रहे हैं. करीना ने फोटो शेयर करते हुए लिखा–ष्पसंदीदा जोड़ी कुणाल खेमू और सोहा अली खान.ष्कुणाल और सोहा मई 2009 से एक–दूसरे को डेट कर रहे थे. इस जोड़े ने जुलाई 2014 में सगाई की और जनवरी 2015 में मुंबई में शादी कर ली. फिर, उन्होंने सितंबर 2017 में अपनी बेटी, इनाया नौमी खेमू का स्वागत किया. 8 दिसंबर को करीना ने अपनी सास और मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर का जन्मदिन मनाया. अभिनेत्री ने अपनी सास को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए इंस्टाग्राम का इस्तेमाल किया. उन्होंने शर्मिला टैगोर के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की. उन्होंने कैप्शन में लिखा, ष्अब तक का सबसे बेहतरीन गैंगस्टर कौन है? क्या मुझे बताने की जरूरत है? मेरी सास को जन्मदिन की शुभकामनाएं.ष्शर्मिला बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और सोहा अली खान की मां हैं और अपनी पीढ़ी की एक बड़ी स्टार थीं.करीना और सैफ 16 अक्टूबर 2012 को शादी के बंधन में बंधे. इस जोड़े ने 20 दिसंबर 2016 को अपने पहले बेटे तैमूर का स्वागत किया. उनके दूसरे बेटे, जहांगीर का जन्म 21 फरवरी 2021 को हुआ.इस महीने की शुरुआत में करीना ने सऊदी अरब के जेद्दा में रेड सी फेस्टिवल में हिस्सा लिया था. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म फेस्टिवल की कई तस्वीरें शेयर की थी. कैप्शन में लिखा थारू ष्रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की पहली रातष वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर आखिरी बार फिल्म सिंघम अगेन में नजर आईं थीं. ये फिल्म दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बनीं सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई है.

अभिषेक बच्चन के गाने पर जब ऐश्वर्या राय ने किया डांस, देसी गर्लश बन लगाए ठुमके, बेटी ने भी दिया था साथ

नई दिल्ली. अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन बॉलीवुड के पॉपुलर कपल्स में से एक हैं. लेकिन पिछले कुछ दिनों से यह स्टार कपल तलाक की खबरों को लेकर चर्चा में बना हुआ है. ये भी खबरें आईं कि दोनों अलग–अलग रहे हैं. खैर, इस बीच अभिषेक और ऐश्वर्या की एक वेडिंग फंक्शन से तस्वीर वायरल हुई, जिसके बाद फैंस कयास लगाने लगे कि दोनों के बीच सबकुछ ठीक है. अब कपल का एक थ्रोबैक वीडियो वायरल हो रहा है.ऐश्वर्या राय बच्चन के फैन पेज पर इस वीडियो को शेयर किया गया है, जो किसी वेडिंग फंक्शन का है. इसमें देखा जा सकता है कि अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन 'देसी गर्ल' गाने पर डांस कर रहे हैं. वहीं, गाने पर कपल की बेटी आराध्या भी थिरकती नजर आ रही हैं. सोशल मीडिया पर कपल का वीडियो वायरल हो रहा है.वायरल हुआ कपल का डांस वीडियो वायरल वीडियो में अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय और आराध्या जिस गाने पर डांस कर रहे हैं वो फिल्म 'दोस्ताना' का है. यह फिल्म साल 2008 में रिलीज हुई थी. इसमें अभिषेक बच्चन, प्रियंका चोपड़ा और जॉन अब्राहम भी नजर आए थे. बॉक्स ऑफिस पर फिल्म बड़ी कामयाब साबित हुई थी.पार्टी में स्पॉट हुए ऐश्वर्या राय–अभिषेक बच्चन तलाक की खबरों के बीच हाल ही में ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन एक पार्टी में स्पॉट हुए. इवेंट से दोनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. दरअसल, फिल्म प्रोड्यूसर अनु रंजन ने ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिनमें अभिषेक–ऐश्वर्या को साथ सेल्फी के लिए पोज देते हुए देखा जा सकता है.बेटी की बर्थडे पार्टी में नहीं शामिल हुए थे अभिषेक?

इससे पहले ऐश्वर्या राय ने इंस्टा हैंडल पर बेटी आराध्या की बर्थडे पार्टी की कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें अभिषेक नजर नहीं आए. चर्चा होने लगी कि अभिषेक पार्टी में शामिल नहीं हुए थे, लेकिन बाद में एक वीडियो सामने आया, जिससे पता चला कि अभिषेक भी बेटी के बर्थडे में पत्नी ऐश्वर्या राय के साथ मौजूद थे.

दिलजीत दोसांझ को देखने के लिए ट्रक पर चढ़े लोग

मुंबई. पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने रविवार को इंदौर में परफॉर्म किया. इस दौरान उन्होंने एक मजेदार वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके फैंस उन्हें और उनके शो को देखने के लिए एक ट्रक की छत पर चढ़ते नजर आए. दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर अपने अकाउंट के स्टोरी सेक्शन पर यह वीडियो पोस्ट किया. इसमें देखा जा सकता है कि कुछ लोग वेन्यू के बाहर खड़े एक ट्रक की छत पर चढ़ गए हैं. बैकग्राउंड में उनका पॉपुलर गाना 'किन्नी किन्नी' भी बज रहा था.इस वीडियो के साथ दिलजीत ने लिखा,"इंदौर. फैन पिट (रॉन्ग इमोजी), ट्रक पिट (करेक्ट इमोजी)." उन्होंने एक वीडियो अपनी इंस्टा टाइम लाइन पर भी पोस्ट किया. इस वीडियो में उन्हें दिवंगत शायर और लेखक राहत इंदौरी का 'किसी के बाप हिंदुस्तान' वाल शेर पढ़ा. फिर उन्होंने 'अमर सिंह चमकीला' का 'मैं हूं पंजाब' गाया. वीडियो में उनकी ऑडियंस की भीड़ भी देखी जा सकती है.दिलजीत दोसांझ ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "लव यू इंदौरान, बहुत प्यार, कल का कॉन्सर्ट राहत इंदौरी साहब के नाम रहा. दिल लुमिनाति टूर 2024" यह पहली बार नहीं है जब फैंस ने इस तरह उनकी परफॉर्मेंस देखी हो. नवंबर में जयपुर के उनके कॉन्सर्ट के दौरान कुछ कॉलेज स्टूडेंट्स ने अपने पीजी की बालकनी से उनका शो देखा था. वहीं, अहमदाबाद में कुछ लोग पास के होटल की बालकनी से उनके कॉन्सर्ट का मजा ले रहे थे.दिलजीत का दिल–लुमिनाटी टूर 29 दिसंबर को गुवाहाटी में खत्म होगा, इसके पहले वे चंडीगढ़ में परफॉर्म करेंगे. इंदौर के शो में दिलजीत ने टिकटों की ब्लैक मार्केटिंग का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, "कई लोग मुझ पर आरोप लगाते हैं कि मेरे कॉन्सर्ट के टिकट ब्लैक में बिक रहे हैं. लेकिन इसमें मेरा क्या दोष? अगर कोई 10 रुपये का टिकट खरीदकर 100 रुपये में बेचता है, तो इसमें आर्टिस्ट की क्या गलती है?"

कपिल शर्मा 20 साल पहले जिस होटल में बैकग्राउंड में गाने पहुंचे थे, उसी में मिला ये बड़ा अवॉर्ड

फेमस कॉमेडियन, टेलीविजन होस्ट और एक्टर कपिल शर्मा को एनडीटीवी के श्इंडियन ऑफ द ईयर अवॉर्ड्सश 2024 में श्ग्लोबल एंटरटेनर ऑफ द ईयरश अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. उन्हें शुक्रवार को ये सम्मान दिया गया.अवॉर्ड मिलने के बाद इमोशनल हुए 'कॉमेडी किंग' ने कहा, ष्आज से 20 साल पहले मैं इसी होटल में किसी गायक के साथ कोरस गायक के तौर पर परफॉर्म करने आया था. आज 20 साल बाद मुझे उसी होटल में अवॉर्ड मिल रहा है. मैं वास्तव में भगवान का बहुत–बहुत शुक्रगुजार हूं. मुझे बहुत अच्छा लग रहा है.ष्कपिल शर्मा ने बताई अपनी जर्नी कपिल ने मनोरंजन इंडस्ट्री में अपने शानदार सफर के बारे में बात करते हुए कहा, ष्जब मैंने यह शो शुरू किया था, तो मुझे 24 एपिसोड से ज्यादा नहीं दिया गया था और आज इस शो को 12 साल हो चुके हैं. मेरा सफर बहुत शानदार रहा.ष्थिएटर से शुरुआत करने के बाद मैंने दिल्ली में कई साल बिताए और फिर मैं मुंबई आ गया. मैं भगवान का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने मुझे रास्ता दिखाया. जब मैं एक रियलिटी शो के लिए चुना गया, तो मेरी जिंदगी में बहुत सी चीजें बदल गईं. जिंदगी में कई उतार–चढ़ाव आए, लेकिन मुझे लगता है कि यही जिंदगी है.

सोशल मीडिया पर लोगों की बढ़ती एक्टिविटिज को लेकर भी कपिल शर्मा ने अपने विचार साझा किए. उन्होंने कहा, ष्हम सोशल मीडिया में बहुत ज्यादा डूबे हैं. हम जानना चाहते हैं कि अमेरिका ने यूक्रेन से क्या कहा है, लेकिन हमें नहीं पता कि हमारे पिता बगल के बाथरूम में गिर तो नहीं गए. सोशल मीडिया पर बहुत समय बिताकर हम लोगों को अपनी दुनिया में आने का मौका दे रहे हैं. मुझे लगता है कि हमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स का इस्तेमाल कम से कम करना चाहिए और मैं इसके लिए कोशिश कर रहा हूं."कपिल शर्मा ने कहा, "मैंने प्लेटफॉर्म पर अपना समय सीमित कर दिया है. मुझे पता है कि किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया पर समय बिताने के कई कारण हो सकते हैं. हम सभी की परिस्थितियां एक जैसी नहीं होती. लेकिन यह मत भूलिए कि हर दिन नया होता है.

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार
पत्र जननायक सम्राट
के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल
व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो
संवाददाता की
आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मो:-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिंन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक
आरती वर्मा द्वारा आशु
प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल
अलीगढ़ से मुद्रितकराकर
. कार्यालय सरोज नगर
गली नम्बर 5,अलीगढ़
से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद
अलीगढ़ न्यायलय ही होगा